PUBLIC SCHOOL DARBHANGA

विषयः **भाषा**

कक्षा-२

भाषा की परिभाषा

भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार दूसरों के सामने प्रकट करता है और दूसरों के भाव एवं विचार ग्रहण करता अर्थात समझता है ।

भाषा के दो रूप हैं
मौखिक
लिखित
जिस भाषा को मुख से बोला तथा कानों से सुना जाता है, उसे मौखिक भाषा कहते हैं।
लिखकर अपनी बात प्रकट करना तथा लिखा हुआ पढ़कर दूसरे की बात समझना लिखित भाषा कहलाती है।

- हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है । इसे देश के प्रत्येक भाग में बोला और समझा जाता है ।
- हिंदी विश्व की दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है ।
- भारत ने **14 सितम्बर 1949** को इसे देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था ।

लिपि

- किसी भी भाषा के लिखने की तरीके को ‘लिपि’ कहते हैं।

- भाषा के लिखने के तरीके को लिपि कहते है । विश्व की समस्त भाषाओं की अपनी - अपनी लिपि है ।

	भाषा		लिपि
(i)	पंजाबी	—	गुरुमुखी
(ii)	अंग्रेजी	—	रोमन
(iii)	मराठी	—	देवनागरी
(iv)	उर्दू	—	फारसी।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये

1. भाषा वह __________ है जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार दूसरों के सामने प्रकट करता है और दूसरों के भाव एवं विचार ______ करता अर्थात समझता है ।

2. ___________ भारत की राष्ट्रभाषा है।

3. किसी भी भाषा की लिखावट या लिखने का ढंग ___________ कहलाती है।

4. भाषा के _____ रूप होते हैं